नवीकरणीय ऊर्जा में विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध

# राजस्थान में सौर ऊर्जा की अपार संभावनाएं : सीएम भजनलाल

## सभी की सहभागिता से प्रदेश के हरित और उज्जवल भविष्य का होगा निर्माण

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर**



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान में सौर ऊर्जा की अपार संभावनाएं हैं। हमारी सरकार नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में विकास को लेकर प्रतिबद्धता से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि हम सभी की सहभागिता से राजस्थान में ऊर्जा के क्षेत्र में हरित और उज्जवल भविष्य का निर्माण करेंगे जिससे उत्कृष्ट और विकसित राजस्थान की संकल्पसिद्धि हो सके। शर्मा गुरुवार को जैसलमेर के पोकरण में रिन्यू पावर के 1.3 गीगावॉट पीक के सौर ऊर्जा संयंत्र के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जैसलमेर की सुनहरी धरा पर स्थापित इस सोलर प्लांट से राज्य में ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर किए जा रहे कार्यों को गति मिलेगी। इस सोलर प्लांट से उत्पादित समस्त बिजली राजस्थान की वितरण कंपनियों को कम दरों पर उपलब्ध कराई जाएगी। इससे उपभोक्ताओं को ऊर्जा निर्बाध रूप से मिल सकेगी तथा भविष्य की परियोजनाओं के लिए भी एक बेंचमार्क तैयार होगा। इस संयंत्र से 1,500 प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा पर्यावरण के अनुकूल और सबसे स्वच्छ ऊर्जा है। अन्य ऊर्जा स्रोतों के भंडार सीमित हैं, लेकिन सौर ऊर्जा का कोई क्षय नहीं होता है, यह अक्षय ऊर्जा है। हर परिवार सौर ऊर्जा का उत्पादक बन सकता है।

**नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में निवेशकों के लिए राजस्थान उपयुक्त स्थान :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान की भौगोलिक स्थिति भी नवीकरणीय ऊर्जा के अनुकूल है। राजस्थान में 142 गीगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन की संभावनाएं हैं। कच्चे माल की भरपूर उपलब्धता, अच्छा औद्योगिक बुनियादी ढांचा, अनुकूल भौगोलिक स्थिति और कुशल मानव संसाधन की उपलब्धता प्रदेश को नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के निवेशकों के लिए एक उपयुक्त स्थान बनाते हैं। उन्होंने कहा कि सौर तथा पवन ऊर्जा उत्पादन को एकीकृत करने की दिशा में पहल करते हुए पश्चिमी राजस्थान में एक ग्रीन कॉरिडोर विकसित किया जा रहा है।

**प्रधानमंत्री के विजन से राष्ट्र बन रहा हरित ऊर्जा क्रांति का प्रतीक :** शर्मा ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2030 तक देश में 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा का लक्ष्य निर्धारित किया है, जो उनके पंचामृत लक्ष्यों का एक अहम हिस्सा है। यह लक्ष्य भारत के ऊर्जा भविष्य को संवारने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है तथा हमारे राष्ट्र की हरित ऊर्जा क्रांति का भी प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिनों में ही 4.5 गीगावाट के लक्ष्य के मुकाबले 6 गीगावाट की ऊर्जा क्षमता स्थापित की जा चुकी है। वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा का जो लक्ष्य प्रधानमंत्री ने रखा है उसे हासिल करने में राजस्थान महत्वपूर्ण योगदान देगा।

# बीएनएस व आर्थिक अपराध पर विशेषज्ञों ने किया वैचारिक मंथन

## नए आपराधिक कानूनों एवं क्रिप्टोकरेंसी इन्वेस्टीगेशंस पर आरपीए में सेमिनार आयोजित



**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर**

राजस्थान पुलिस के 76वें स्थापना दिवस के मौके पर गुरुवार को पुलिस मुख्यालय के तत्वावधान में महत्वपूर्ण विषयों पर सेमिनार का आयोजन किया गया। पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू की अध्यक्षता में राजस्थान पुलिस अकादमी के सभागार में न्यू क्रिमिनल लॉ-2023 के क्रियान्वयन एवं चुनौतियों तथा क्रिप्टोकरेन्सी इन्वेस्टीगेशन जैसे आधुनिक प्रासंगिक विषयों पर आयोजित इस सेमिनार में प्रस्तुत किए गए।

राजस्थान पुलिस के 76वें स्थापना दिवस समारोह को प्रदेशभर में भव्यता के साथ समारोहपूर्वक मनाए जा रहे अनेक कार्यक्रमों की शृंखला में आज अंतिम दिवस को इस सेमिनार से कई पुलिस अधिकारी, इन्वेस्टिगेषन ऑफीसर्स, अनुसंधान से प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष जुड़े कार्मिक, राजस्थान पुलिस अकादमी में प्रषिक्षणरत प्रषिक्षणार्थियों आदि ने बिटकॉइन एवं क्रिप्टोकरेंसी रिसीव करने की सुरक्षित डिजिटल फॉरेन्सिक बारीकियों आदि पर गहन व्यापक जानकारियां अर्जित की। प्रथम सत्र को पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू, महानिदेशक आसूचना, संजय अग्रवाल, महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो रविप्रकाश मेहरड़ा एवं एडीजीपी अशोक राठौड़ मंचासीन रहे और मुख्य वक्ता अथवा विशेषज्ञ के रूप में राष्ट्रीय विधि विश्ववविद्यालय, दिल्ली के एसोसिएट प्रोफेसर व की नोट स्पीकर डॉ. नीरज तिवारी नें संबोधित किया। इस सत्र में नए आपराधिक कानूनों के व्यापक स्तर पर लागू करने के उपरांत वर्तमान में आ रही विभिन्न चुनौतियों एवं इनके कार्यान्वयन से हो रही सुविधाओं पर गहन विचार-विमर्ष कर जानकारी दी गई। दूसरे सत्र में विषय विशेषज्ञ मुख्य वक्ताओं के रूप में की नोट स्पीकर कर्नाटक पुलिस के डीआईजीपी भूषण गुलाबराव बोरासे, एवं नेशनल पुलिस एकेडमी, हैदराबाद के सीनियर प्रोजेक्ट इंजीनियर नीतिन शर्मा ने संबोधित कर क्रिप्टो करेंसी के बारीकियों से रूबरू कराते हुए कई महत्त्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की। सेमिनार विशेषज्ञों ने बताया कि साइबर फॉरेन्सिक अपराधों से सावचेत रहते हुए हार्ड कोर पुलिसिंग के द्वारा जांच के दौरान कभी भी पासवर्ड, इन्क्रीप्टेड डेटा, प्राइवेट की, सीड फ्रेज, की-वर्डस आदि को सेनिटाइज्ड मशीन अथवा पीसी या लेपटॉप पर पूर्ण सुरक्षित रखते हुए कभी भी लापरवाही से साझा नहीं किया जाना चाहिए।

# गुरु दक्षिणा के अंतर्गत विश्वविद्यालयों में पेड़ लगाएं विद्यार्थी : राज्यपाल बागडे

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे ने कहा कि संस्कृत भाषा नहीं, भारत की महान संस्कृति और मानव संस्कारों की जननी है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों में शिक्षा क्षेत्र में अच्छा मनुष्य बनाने के लिए कार्य किया जाए।

उन्होंने गुरु दक्षिणा के अंतर्गत शिक्षार्थियों को अपने विश्वविद्यालयों में पेड़ लगाने का कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इससे जहां विद्यार्थी पढ़े हैं, वहां से उनका सदा के लिए आत्मीय नाता बना रहेगा। राज्यपाल बागडे गुरूवार को जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय के सप्तम दीक्षांत समारोह में संबोधित कर रहे थे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संस्कृत भाषा के प्रसार के साथ उसके ज्ञान को जन जन तक पहुंचाने पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि संस्कृत भाषा सभी भाषाओं की जननी रही है। बिरला ने कहा कि महापुरुषों ने भारतीय संस्कृति और ज्ञान परंपरा को संस्कृत भाषा में ही रचा। उन्होंने संस्कृत भाषा की प्राचीनता के साथ उसकी वैज्ञानिकता को आधुनिक दृष्टि देने के लिए संस्कृत विश्वविद्यालय को कार्य करने का आह्वान किया। राज्य के संस्कृत शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि संस्कृत विश्व की प्राचीन भाषाओं की सूत्रधार है। उन्होंने संस्कृत शिक्षा को आधुनिक ज्ञान विज्ञान का आधार बताया।

# प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं की हालत शर्मसार करने वाली : गहलोत

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं की हालत को लेकर सरकार पर निशाना साधा है। गहलोत ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके राजस्थान की स्वास्थ्य सेवाओं की हालत को शर्मसार करने वाला करार देते हुए सुधार की नसीहत दी है। कांग्रेस राज के समय की स्वास्थ्य से जुड़ी आधा दर्जन योजनाओं को फ्लैगशिप स्कीम्स से बाहर करने पर भी सवाल उठाए हैं।



गहलोत ने एक्स पर लिखा-हमारी कांग्रेस सरकार के समय राजस्थान देश का सबसे बेहतरीन हेल्थ मॉडल स्टेट बन गया था। सबसे ज्यादा इंश्योरेंस कवरेज, सबसे ज्यादा नए सीएचसी, पीएचसी, उप जिला अस्पताल, सैटेलाइट अस्पताल, जिला अस्पताल, रेफरेल हॉस्पिटल, नए मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, नए डॉक्टर्स एवं पैरामेडिकल स्टाफ की भर्तियां, शानदार कोविड मैनेजमेंट, राइट टू हेल्थ कानून आदि देशभर में चर्चा में रहे। गहलोत ने आगे लिखा- यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि कई सरकारी अस्पतालों में गर्मी से निपटने के लिए कूलर, एसी तक नहीं हैं। रखरखाव न होने से आरयूएचएस जैसे बड़े अस्पताल के ऑपरेशन थिएटर तक में एसी नहीं है।

## बिजनेस

# जेएसडब्ल्यू एमजीमोटर इंडिया ने पेश किया हेक्टर 'मिडनाइट कार्निवल'

**गुरुग्राम (एजेंसी)।** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने अपनी फ्लैगशिप एसयूवी एमजी हेक्टर को खरीदने के अनुभव को और भी सुविधाजनक बनाने के लिए एक रोमांचक अभियान 'मिडनाइट कार्निवल' शुरू किया है।



सीमित समय के लिए शुरू किए गए इस खास अभियान में ग्राहकों को प्रत्येक वीकेंड आधी रात तक खुले रहने वाले शोरूम में आने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। इस ऑफर अवधि में, 20 भाग्यशाली एमजी हेक्टर खरीदारों को लंदन की ड्रीम ट्रिप जीतने का मौका मिलेगा। इसी के साथ ही ग्राहक इस ऑफर के तहत 4 लाख रुपये तक के खास फायदे भी पा सकते हैं। ऑफर प्रोग्राम के दौरान, जेएसडब्ल्यू एमजीमोटर इंडिया कार खरीदने के अनुभव को और भी बेहतर बनाने लिए कई तरह के वैल्यू-ड्रिवन ऑफर भी पेश कर रही है। नई हेक्टर के खरीदार इस ऑफर के तहत स्टैंडर्ड 3 साल की वारंटी के साथ ही 2 साल /1 लाख किमी की एक्सटेंडेड वारंटी का लाभ उठा सकते हैं। इसी के साथ ही 2 अतिरिक्त साल के लिए रोडसाइड असिस्टेंस भी पा सकते हैं। इस ऑफर के साथ ग्राहक 5 साल तक बिना चिंता हेक्टर का मजा उठा सकते हैं। इस अभियान के तहत वर्तमान में रजिस्टर होने वाली हेक्टर* पर आरटीओ खर्च पर 50 प्रतिशत की छूट और एमजी एक्सेसरीज तक की पहुंच का लाभ भी मिलेगा। इस तरह की पहल एसयूवी के शौकीन लोगों को एक बेहतरीन कार पेश करने की एमजी मोटर इंडिया की प्रतिबद्धता को और भी मजबूती प्रदान करती है।

इस अभियान के बारे में बात करते हुए, जेएसडब्ल्यू एमजीमोटर इंडिया के सेल्स हेड राकेश सेन ने कहा, भारत में एसयूवी के शौकीनों के लिए एमजी हेक्टर हमेशा से ही सबसे पसंदीदा मॉडल रहा है, और हमारा मिडनाइट कार्निवल लोगों के इसी विश्वास का एक अनूठा उत्सव है।

# स्टर्लिंग एक्यूरिस ने डायग्नोस्टिक्स क्षेत्र में उपस्थिति की मजबूत

## गुजरात पैथोलॉजी लेबोरेटरी और डायग्नोस्टिक सेंटर का किया अधिग्रहण

**गुजरात (एजेंसी)।** भारत में सबसे तेजी से बढ़ती एनएबीएल मान्यता प्राप्त पैथोलॉजी लैब की श्रृंखलाओं में से एक स्टर्लिंग एक्यूरिस डायग्नोस्टिक्स जो गुजरात, राजस्थान और मध्य प्रदेश में अग्रणी उपस्थिति रखती है, जिसने अहमदाबाद की प्रमुख पैथोलॉजी सेवा प्रदाता गुजरात और महा गुजरात पैथोलॉजी लेबोरेटरीज का अधिग्रहण करने की घोषणा की है। यह अधिग्रहण अहमदाबाद भर में स्टर्लिंग एक्यूरिस की उपस्थिति को उल्लेखनीय रूप से बढ़ाएगा और डायग्नोस्टिक्स क्षेत्र में सेवा उत्कृष्टता को और सशक्त बनाएगा। स्टर्लिंग एक्यूरिस एक मजबूत और ग्राहक-केंद्रित ब्रांड है, जो नैतिक और बाजार-उपयुक्त पैथोलॉजिकल डायग्नोस्टिक सेवाएं प्रदान करने के लिए जाना जाता है। यह व्यक्तिगत मरीजों, अस्पतालों और कॉरपोरेट्स को भरोसेमंद, सटीक और विश्वसनीय समाधान प्रदान करता है।




# अमेजन इंडिया ने स्मार्ट च्वॉइस प्रोग्राम को टैबलेट्स तक बढ़ाया

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** अमेजन इंडिया ने गुरुवार को अपने स्मार्टच्वॉइस प्रोग्राम का विस्तार टैबलेट्स कैटेगरी तक करने की घोषणा की। यह फैसला लैपटॉप कैटेगरी में इस प्रोग्राम की जबरदस्त सफलता के बाद लिया गया है. यह प्रोग्राम ग्राहकों की खास जरूरतों और इस्तेमाल की प्राथमिकताओं के आधार पर विशेषज्ञों द्वारा चुनी गई सिफारिशों के जरिए डिवाइस चुनना आसान बनाता है. टैबलेट्स अमेजन इंडिया के लिए एक तेजी से बढ़ने वाली कैटेगरी है, जिसमें 2024 में 26 प्रतिशत सालाना की ग्रोथ दर्ज की गई है। जेबा खान, डायरेक्टर, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, अमेजन इंडिया ने कहा, स्मार्टच्वॉइस प्रोग्राम को ग्राहकों की जरूरतों को समझकर डिजाइन किया गया है, और इसने खरीदारी के अनुभव को काफी बेहतर बनाया है. इसकी स्पष्टता और सटीकता के लिए इसे ग्राहकों से शानदार प्रतिक्रिया मिली है।

ग्राहकों की समझ से यह पता चलता है कि इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्ट्स और उनकी तकनीकी खूबियों की विविधता से खरीदार अक्सर उलझन में पड़ जाते हैं। स्मार्टच्वॉइस प्रोग्राम इस चुनौती को हल करता है और यह ग्राहक लैपटॉप और टैबलेट्स की खरीदारी कैसे करते इसे पूरी तरह से बदल देता है. अब जटिल स्पेसिफिकेशन की तुलना करने की बजाय, ग्राहक अपनी जरूरत के हिसाब से डिवाइस चुन सकते हैं - जिन्हें एक्सपर्ट्स ने मान्यता दी है और जो शानदार वैल्यू के साथ उपलब्ध हैं।

## स्पोर्ट्स

पीबीकेएस के खिलाफ चलता है विराट कोहली का बल्ला, हालांकि यानसन के पास है कोहली को रोकने का उपाय

# रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू का मुकाबला आज पंजाब से

*नई दिल्ली (एजेंसी)। आईपीएल 2025 के 34वें मुकाबले में शुक्रवार को मेजबान रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) का मुक़ाबला पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) से बेंगलुरू के चिन्नास्वामी स्टेडियम में होगा। दोनों टीमें फिलहाल अच्छी फ़ॉर्म में चल रही हैं और छह में से चार-चार मुकाबले जीतकर आईपीएल अंक तालिका में क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर काबिज हैं। आइए डालते हैं इस मैच के कुछ प्रमुख आंकड़ों और मैच-अप्स पर नजर। पीबीकेएस की टीम ना सिर्फ फॉर्म में है, बल्कि उनके कप्तान श्रेयस अय्यर भी जबरदस्त फॉर्म में चल रहे हैं। उनके नाम इस सीजन की छह पारियों में तीन बड़े अर्धशतक हैं, जिसमें एक नाबाद 97 का स्कोर भी शामिल है। हालांकि बाकी बची तीन पारियों में वह 10 या उससे कम के स्कोर पर भी आउट हुए हैं, जो उनके लिए चिंता का विषय है। इस मैच में उनकी यह चिंता बढ़ सकती है क्योंकि आरसीबी के स्ट्राइक गेंदबाजों भुवनेश्वर कुमार और जॉश हेजलवुड ने टी20 क्रिकेट में श्रेयस को खूब परेशान किया है। भुवनेश्वर ने श्रेयस को तीन बार टी20 मैचों में आउट किया है, जबकि श्रेयस उन पर सिर्फ 90 के स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं। वहीं हेजलवुड ने भी श्रेयस को तीन टी20 पारियों में दो बार आउट किया है, जबकि वह हेजलवुड पर सिर्फ 25 के स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं। भुवनेश्वर ने तो अच्छे फॉर्म में चल रहे पीबीकेएस के सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह को भी छह में से तीन पारियों में आउट किया है, हालांकि प्रभसिमरन उन पर 159 के स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं।*



# शूटर सुरुचि ने आईएसएसएफ वर्ल्डकप में जीता गोल्ड

## मनु भाकर को हराया, भिवानी एकेडमी में ट्रेनिंग ले रहीं, ट्रेन से पहुंचती हैं प्रैक्टिस करने

**भिवानी (एजेंसी)।** भारतीय निशानेबाज सुरुचि सिंह ने आईएसएसएफ विश्व कप 2025 लीमा में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता है। सुरुचि सिंह ने फाइनल मैच जीतने के लिए कुल 243.6 अंक बनाए और दो बार की ओलिंपिक पदक विजेता मनु भाकर को हराया, जो 242.3 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। जबकि पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की याओ कियानक्सुन 219.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। सुरुचि भिवानी में गुरु द्रोणाचार्य शूटिंग अकादमी में अभ्यास करती हैं। सुरुचि सिंह का विश्व कप में यह दूसरा स्वर्ण पदक है। उन्होंने पिछले आईएसएसएफ विश्व कप 2025 ब्यूनस आयर्स में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल शूटिंग स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक जीता था। पिछले साल नई दिल्ली में शूटिंग नेशनल्स में 7 स्वर्ण पदक जीतने वाली सुरुचि ने ब्यूनस आयर्स में फाइनल में 244.6 स्कोर करके अपना पहला विश्व कप पदक जीता।



# बीजीटी में हार के बाद बीसीसीआई ने तीन कोचिंग स्टाफ को किया बाहर

## गंभीर के कमेंट्स लीक होने के बाद बड़ी कार्रवाई

**मुंबई (एजेंसी)।** बीसीसीआई ने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी (बीजीटी) में टीम इंडिया की 1-3 से हार और ड्रेसिंग रूम की बातें लीक होने पर तीन कोचिंग स्टाफ को हटा दिया है। इसमें सहायक कोच अभिषेक नायर के अलावा फील्डिंग कोच टी दिलीप और ट्रेनर सोहम देसाई शामिल हैं। हालांकि बीसीसीआई की ओर से इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक नायर की जगह किसी को नियुक्त नहीं किया जाएगा, क्योंकि बल्लेबाजी कोच के तौर पर सितांशु कोटक पहले ही टीम इंडिया के साथ जुड़े हुए हैं। वहीं, दिलीप का काम सहायक कोच रेयान टेन डेस्काटे देखेंगे। एड्रियन ली रू लेंगे ट्रेनर सोहम देसाई की जगह ट्रेनर सोहम देसाई की जगह एड्रियन ली रू लेंगे, जो अभी आईपीएल में पंजाब किंग्स के साथ जुड़े हुए हैं। वे 2008 से 2019 तक केकेआर टीम के साथ भी थे। उन्होंने 2002 से 2003 तक टीम इंडिया के साथ भी काम किया। उनका बीसीसीआई के साथ कॉन्ट्रैक्ट हो गया है।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक मोहन शर्मा के लिए ए-9, प्रथम तल, सुदर्शनपुरा औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर से प्रकाशित एवं मोहन शर्मा एण्ड कंपनी प्रा.लि. ए-9, सुदर्शनपुरा औद्योगिक क्षेत्र जयपुर से मुद्रित। संपादक : अरुज मोहन भारद्वाज, संपादकीय प्रभारी : फूलचन्द बिलोनिया*
मो. 98875-21440, फोन: 2210316 फैक्स-2210022, अखबार प्राप्त करने के लिए : 2210316 आर.एन.आई.नं. RAJHIN/2005/15194 e-mail: morningnews22@gmail.com/editorial.morningnews@gmail.com
*पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए जिम्मेदार।